<u>इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ।</u>

संख्या : 6966/Admin./Lucknow/2023
दिनांक : 21/08/2023

<u>विज्ञप्ति</u>

इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ में अधिवक्ताओं के क्लर्कस (पंजीकरण एवं चरित्र) नियमावली, 1997 के नियम 7 के अन्तर्गत होने वाली वर्ष 2023 की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र (निर्देश पत्र सहित) दिनांक 23.08.2023 से 15.09.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:30 बजे तक पास अनुभाग (निकट गेट नम्बर-6) से रु. 20/- (बीस रुपये मात्र) नकद भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है।

प्रार्थना पत्र को पूर्णतया भरकर, पास अनुभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि 16.09.2023 (सायं 04:30 बजे तक) है। अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार/स्वीकार नही किया जायेगा। परीक्षा की तिथि 07.10.2023 (शनिवार) को निर्धारित की गई है, हालांकि अपरिहार्य परिस्थितियों में इसे परिवर्तित भी किया जा सकता है।

यह परीक्षा केवल पैनल बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। पैनल में सम्मिलित होने मात्र से कोई भी आवेदक, उच्च न्यायालय में किसी भी प्रकार के सेवायोजन या किसी अधिवक्ता से पारितोषिक प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा, जब तक कि कोई अधिवक्ता उसे अपने क्लर्क के रूप में सम्बद्ध नहीं कर लेता है।

Sd/-
वरिष्ठ निबन्धक
इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ